# इलाहाबाद विकास प्राधिकरण, इलाहाबाद
(कार्यादेश)

(642)

प्रेषक,

अधिशाषी अभियंता,
इलाहाबाद विकास प्राधिकरण,
इलाहाबाद।

सेवा में,

मेसर्स एवरग्रीन इन्फ्राबिल्ड प्रा0लि0,
2/32 विश्वास खण्ड, गोमती नगर,
लखनऊ।

Received
30/9/2014

पत्रांक : 250 /अधि0अभि0/वि0प्रा0/2014-15 दिनांक : 30/09/2014

विषय : गोविन्दपुर आवास योजना में ग्रुप हाउसिंग ''अलकनन्दा अपार्टमेंट'' फ्लैटों के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कार्य हेतु आपकी निविदा में दी गयी दरों क्रमशः बेसमेन्ट हेतु रु0 15990.00 प्रति वर्गमीटर व स्टिल्ट हेतु रु0 13490.00 प्रति वर्गमीटर एवं सुपर एरिया हेतु रु0 21490/- प्रति वर्गमीटर की दर से निविदा धनांक रु0 4450.15 लाख की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

1. जैसा कि निविदा प्रपत्र के स्कोप आफ वर्क में उल्लिखित है कार्य का मृदा परीक्षण, भवन ब्लाक्स तथा सर्विसेज की स्ट्रक्चरल डिजाइन (आई0आई0टी0 से परीक्षण कराने के उपरान्त) समस्त ड्राइंग प्रस्तुत करनी होगी। विद्युत विभाग, अग्निशमन विभाग व सम्बन्धित विभागों की अनापत्ति प्रमाण पत्र का दायित्व भी आपके कार्यक्षेत्र में सम्मिलित है।
2. परियोजना परिसर के अन्तर्गत समस्त विकास कार्य, भूमि का समतलीकरण, आन्तरिक सड़कें एवं पाथवेज, सीवर एवं पानी की लाइनें, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाईटें, बाउण्ड्रीवाल, गेट्स, अण्डरग्राउण्ड वाटर टैंक, लैण्ड स्केप, वाह्य सड़क सुधार व चौड़ीकरण, ट्यूबवेल स्थापना, वाह्य सीवर लाइन, रिटेनिंगवाल व हार्टीकल्चर कार्य, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, 400 KVA क्षमता के दो ट्रान्सफार्मर, नलकूप पम्प हाउस सहित तथा 100 KVA क्षमता के एक डी0जी0 सेट आदि के कार्य भी आपके कार्यक्षेत्र में सम्मिलित हैं।
3. भवनों की स्ट्रक्चरल डिजाइन भूकम्परोधी होगी तथा भवनों के फायर फाइटिंग तथा एन्टीटर्माइट ट्रीटमेन्ट का कार्य किया जाना होगा। भवनों के अन्तर्गत आन्तरिक वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी इन्स्टालेशन आन्तरिक विद्युतीकरण इन्स्टालेशन, टेलीफोन कन्ड्यूटिंग, इन्टरकॉम कन्ड्यूटिंग, केबिल व टी0वी0 कन्ड्यूटिंग, ए0सी0 वायरिंग तथा लाइटनिंग कन्डक्टर के कार्य भी सम्मिलित हैं। 08 व्यक्तियों की क्षमता 1.50 मीटर प्रति सेकण्ड वाली 05 लिफ्ट्स एवं बूस्टिंग पम्प का प्राविधान है। अग्निशमन रोधी व्यवस्था एन0बी0सी0 के प्राविधानों के अनुसार की जानी होगी।
4. स्टिल्ट की डिजाइन भी भूकम्परोधी होगी तथा इसके निर्माण कार्य में वाटरप्रूफिंग, फायर फाइटिंग, आन्तरिक विद्युतीकरण तथा ड्रेनेज आदि के कार्य सम्मिलित है।

...../2

5. समस्त कार्य कन्सलटेन्ट द्वारा उपलब्ध करायी गयी ड्राइंग्स, निविदा प्रपत्र में संलग्न विशिष्टियों के अनुसार सम्पादित कराये जायेंगे।
6. दरें राफ्ट फाउण्डेशन पर आधारित है, यदि पाइल फाउण्डेशन की आवश्यकता होती है तो दरों का अन्तर दोनों पक्षों की सहमति से निर्धारित की जायेगी।
7. आपकी स्वीकृत निविदा के अनुसार कुल प्रतिभूति धनराशि रु0 222.51 लाख मात्र की बैंक गारण्टी/एफ0डी0आर0 कार्यालय में एक सप्ताह में जमा कराकर अनुबन्ध करना होगा। बैंक गारण्टी 24 माह के लिए वैध होनी चाहिए।
8. कार्य की कार्य प्रारम्भ तिथि 01.10.2014 तथा कार्य समाप्ति तिथि 30.09.2016 मानी जायेगी। अनुबन्ध की कार्यवाही हेतु प्रतिभूति की धनराशि रु0 100/– का जनरल स्टैम्प पेपर एवं स्टैम्प देयता के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण करा लें। बैंक खाता संख्या, बैंक का नाम व शाखा, बैंक की आई0एफ0एस0सी0 कोड, पैन नम्बर व मोबाइल नम्बर से भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

3/10/14

अधिशाषी अभियंता,
इलाहाबाद विकास प्राधिकरण,
इलाहाबाद।

प्रतिलिपि :—

1. उपाध्यक्ष महोदय को सूचनार्थ।
2. सचिव महोदय को सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक को सूचनार्थ।
4. उप श्रमायुक्त, इलाहाबाद, 9, म्यो रोड, इलाहाबाद को सूचनार्थ।
5. सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

13/10/14

3/10/14

अधिशाषी अभियंता